**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 6406 / कार्य-25 / 139 दिनांक 08-7-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— **समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **'बाराबंकी में महादेवा मार्ग पर जलभराव : नई सड़क क्षतिग्रस्त : दो माह से पाइप लीकेज, श्रद्धालु—ग्रामीण परेशान'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत लोधौरा (महादेवा) पेयजल योजना, विकास खण्ड सूरतगंज के निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए वर्ष 2017 में पूर्णतया क्रियाशील अवस्था में ग्राम पंचायत को हस्तगत की गयी थी। योजना को पुनः अनुरक्षण एवं संचालन के लिए जल निगम(ग्रामीण) द्वारा वापस लिया गया है। मुख्यालय स्तर से अनुरक्षण एवं संचालन हेतु फर्म मै0 यूनिवर्सल एमईपी चयनित की गयी है। जिसके द्वारा माह जून, 2025 से उक्त योजना का अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ किया गया है। 03 दिवस के अन्दर लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपि**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4— जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5— मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6— जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7— श्री अजय रंजन, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8— प्रोजेक्ट मैनेजर मै0 यूनिवर्सल एम0ई0पी0।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

# बाराबंकी में महादेवा मार्ग पर जलभराव, नई सड़क क्षतिग्रस्त:दो माह से पाइप लीकेज, श्रद्धालु-ग्रामीण परेशान

कृष्ण कुमार | रामनगर, बाराबंकी




महादेवा मार्ग पर जलभराव, नई सड़क क्षतिग

बाराबंकी के रामनगर तहसील में महादेवा से लंबापुरवा जाने वाले मार्ग पर पिछले दो माह से अधिक समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। जल निगम की पाइपलाइन में लीकेज के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिससे हाल ही में बनी डामर सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

यह मार्ग प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेव धाम के प्रमुख संपर्क मार्गों में से एक है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। सड़क पर लगातार पानी भरे रहने से राहगीरों को फिसलन, कीचड़ और दुर्घटना का खतरा बना रहता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

Scanned with OKEN Scanner



लगातार जलभराव के कारण नई डामर सड़क बीच से उखड़ने लगी है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है, क्योंकि कुछ ही समय पहले बनी सड़क लीकेज के कारण खराब हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दो माह से लीकेज के कारण सड़क खराब हो गई है।

ग्रामीण पप्पू और राजेंद्र ने बताया कि यह मार्ग मुक्ति मार्ग होने के साथ-साथ लोधेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का प्रमुख रास्ता है। उन्होंने संबंधित विभाग से तत्काल पाइपलाइन लीकेज ठीक कराकर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके।

इस संबंध में ग्राम प्रधान राजन तिवारी ने जानकारी दी कि जल निगम के अधिकारियों को पाइपलाइन लीकेज की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग को समस्या से अवगत करा दिया गया है और जल्द ही लीकेज की मरम्मत कराकर जलभराव समाप्त कराया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner